झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांक :— रा0खा0आ0 (विविध) — 04/2024 - 746

प्रेषक,

**संजय कुमार**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग/
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग/
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः— 11.12.2024

विषयः— **आयोग की माननीय प्रभारी अध्यक्ष द्वारा गुमला जिला में आँगनबाड़ी केन्द्रों, पी0एम0 पोषण योजना एवं जन वितरण प्रणाली के औचक निरीक्षण संबंधी प्रतिवेदन का प्रेषण।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि आयोग की माननीय प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन द्वारा दिनांक—05.11.2024 को गुमला जिला में आँगनबाड़ी केन्द्रों, पी0एम0 पोषण योजना एवं जन वितरण प्रणाली का औचक निरीक्षण किया गया।

माननीय प्रभारी अध्यक्ष द्वारा किये गये उक्त निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

**अनु0—यथोक्त।**

विश्वासभाजन

11/12/24

**(संजय कुमार)**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

D:\Dropbox Files\Anju\Vinod Sir.docx965

पता—झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची—834002
email-jharfoodcommission@gmail.com

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन का दिनांक–05.11.2024 को गुमला जिला में आंगनबाड़ी केन्द्र, पी0एम0 पोषण एवं जनवितरण प्रणाली केन्द्र से सम्बन्धित औचक निरीक्षण प्रतिवेदन।**

**आंगनबाड़ी केन्द्र**

1. गुमला सदर के नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत राजा कॉलोनी के आंगनबाड़ी केन्द्र।

- दिनांक–05.11.2024 को आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन द्वारा गुमला जिला के नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत राजा कॉलोनी के आंगनबाड़ी केन्द्र (आंगनबाड़ी कोड सं0–215) का औचक निरीक्षण किया गया। यह केन्द्र सेविका के आवास भवन में है। केन्द्र पर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। सेविका द्वारा बताया गया कि त्योहार के कारण बच्चे नहीं आए हैं। उपस्थिति पंजी नहीं दिखाया गया। कुछ देर के बाद सेविका द्वारा कुछ बच्चों को बुलाया गया। बच्चों द्वारा बताया गया कि वे लोग प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्र आते हैं, इसकी पुष्टि बच्चों के अभिभावक द्वारा भी की गई। बच्चों द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में हलवा, बादाम एवं अण्डा मिलता है। आंगनबाड़ी केन्द्र की जानकारी से सम्बन्धित सूचना पट्ट अंकित पाया गया, किन्तु योजनाओं से सम्बन्धित होर्डिंग/सूचना पट्ट लगा नहीं पाया गया। इस पर आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा केन्द्र की सेविका एवं सहायिका को केन्द्र में योजनाओं से सम्बन्धित होर्डिंग/सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया गया।
- आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन द्वारा उक्त क्षेत्र की धात्री माताओं से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से सम्बन्धित जानकारी ली गई। केन्द्र में लाभुकों को नियमित रूप से पोषाहार मिलता है। पूछताछ के क्रम में उपस्थित महिलाओं द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की राशि अब तक नहीं मिली है। इस सम्बन्ध में आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा लाभुकों को आयोग का वाट्सएप्प नंबर उपलब्ध कराया गया एवं समस्याओं के निदान हेतु लिखित शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया गया, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।
- उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका द्वारा बताया गया कि केन्द्र में पोषाहार का पैसा समय पर नहीं मिल पाता है। उधार पर खाद्य सामग्रियों का क्रय कर वितरण किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा आयोग के वाट्सएप्प नंबर पर लिखित शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया गया, ताकि इस पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

**(आंगनबाड़ी केन्द्र के फोटो की प्रति संलग्न)**

2. गुमला सदर के नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत चेटर कन्हर टोली के आंगनबाड़ी केन्द्र।

- आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन द्वारा गुमला सदर क्षेत्र के अन्तर्गत चेटर कन्हर टोली के आंगनबाड़ी केन्द्र (सेंटर कोड सं0–830) का औचक निरीक्षण किया गया। यह केन्द्र सेविका के आवास भवन में है। केन्द्र पर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। पूछने पर सेविका द्वारा बताया गया कि चुनाव का पर्ची बांटने जाना है, इसलिये आज बच्चों को जल्दी छुट्टी दे दी गई। सेविका द्वारा उपस्थिति पंजी दिखाई गई। कुछ देर बाद सेविका द्वारा बच्चों को बुलाया गया। आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा बच्चों से जानकारी ली गई। बच्चों द्वारा बताया गया कि वे लोग प्रतिदिन केन्द्र आते हैं एवं उन्हें केन्द्र में पोषाहार दिया जाता है। केन्द्र में आंगनबाड़ी की जानकारी एवं योजनाओं से सम्बन्धित होर्डिंग/सूचना पट्ट भी लगा हुआ नहीं पाया गया। इस पर आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा केन्द्र की सेविका को केन्द्र में होर्डिंग/सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया गया।
- उक्त क्षेत्र की महिलाओं से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। महिलाओं द्वारा बताया गया कि उन्हें केन्द्र में पोषाहार के रूप में दलिया दिया जाता है। उक्त केन्द्र की सेविका द्वारा बताया गया कि कई महिलाओं का ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की राशि अब तक नहीं मिली है। इस सम्बन्ध में आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा आयोग का वाट्सएप्प नंबर उपलब्ध कराते हुए, उक्त नंबर पर लिखित शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया गया, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। **(आंगनबाड़ी केन्द्र के फोटो की प्रति संलग्न)**

## पी0एम0 पोषण

3. उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, चेटर, गुमला–I, UDSE code 20160808002 का औचक निरीक्षण।

- आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन द्वारा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, चेटर, गुमला–I, UDSE code 20160808002 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक द्वारा उपस्थिति पंजी दिखाई गई। उक्त विद्यालय में केवल 03 बच्चे उपस्थित पाये गये। बच्चों के लिये भोजन नहीं बना था। विद्यालय के शिक्षक के ओर से बच्चों को बिस्किट दी गई। **(विद्यालय के फोटो की प्रति संलग्न)**

## जनवितरण प्रणाली

4. राशन डीलर आकांक्षा महिला मण्डल, अनुज्ञप्ति सं0–01/2014, वार्ड नं0–04 (12), चेटर रोड, गुमला के राशन दुकान का औचक निरीक्षण।

- आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन द्वारा राशन डीलर आकांक्षा महिला मण्डल, अनुज्ञप्ति सं0–01/2014, वार्ड नं0–04 (12), चेटर रोड, गुमला के राशन दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि राशन डीलर द्वारा तराजू छिपा कर अनाज का वजन किया जा रहा था, जिससे वहाँ उपस्थित कार्डधारी नहीं देख पा रहे थे कि उन्हें कितना अनाज दिया गया। कार्डधारियों से पूछताछ के क्रम में यह बात सामने आई कि राशन डीलर द्वारा ई–पॉस से निकलने वाली पर्ची नहीं दी जाती है एवं अनाज में कटौती की जाती है। निरीक्षण के क्रम में स्पष्ट हुआ कि दुकान के दरवाजे पर टेबल रखा हुआ था, जिससे अनाज तौलने की जानकारी लाभुकों को नहीं मिल सकता है। इस सम्बन्ध में आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा कार्डधारियों को आयोग का वाट्सएप्प नंबर उपलब्ध कराते हुए, उक्त नंबर पर लिखित शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। राशन दुकान के बाहर लगे सूचना पट्ट में राशन से सम्बन्धित जानकारी अंकित नहीं पाया गया।

**(जनवितरण प्रणाली दुकान के फोटो की प्रति संलग्न)**

- इसके अतिरिक्त आयोग की सदस्या–सह–अध्यक्ष द्वारा गुमला सदर क्षेत्र के अन्तर्गत चेटर कन्हर टोली के लाभुकों से पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में लाभुकों द्वारा बताया गया कि जनवितरण प्रणाली केन्द्र से अनाज कम प्राप्त होता है। इस सम्बन्ध में आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा आयोग का वाट्सएप्प नंबर उपलब्ध कराते हुए, उक्त नंबर पर लिखित शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ गुमला जिला का औचक निरीक्षण समाप्त हुआ।

SP
19.11.24
**(शबनम परवीन)**
सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

1. गुमला सदर के नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत राजा कॉलोनी के आंगनबाड़ी केन्द्र (आंगनबाड़ी कोड सं0–215) का औचक निरीक्षण।





2. गुमला सदर के नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत चेटर कन्हर टोली के आंगनबाड़ी केन्द्र (सेंटर कोड सं0–830) का औचक निरीक्षण।





3. उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, चेटर, गुमला–I, UDSE code 20160808002 का औचक निरीक्षण।





4. राशन डीलर आकांक्षा महिला मण्डल, अनुज्ञप्ति सं0–01/2014, वार्ड नं0–04 (12), चेटर रोड, गुमला के राशन दुकान का औचक निरीक्षण।

